दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०,राजपुर–पूरनपुर–नादेही जिला–ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

ई–निविदा सूचना

मिल में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के निष्प्रयोज्य स्क्रेप की जहाँ है जैसा है के आधार पर विक्री हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी फर्मो से www.uktenders.gov.in पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र का मूल्य ₹ 354.00 जी०एस०टी० सहित (अप्रतिदेय) होगा। ई–निविदा की विस्तृत सूचना मिल समिति की बेवसाईट www.nadehisugars.com पर भी उपलब्ध है। www.uktenders.gov.in पर प्राप्त निविदा ही मान्य होगी, अन्य माध्यम से प्राप्त निविदायें स्वीकार नहीं होगीं।

निविदादाता निविदा में अपनी उच्तम दरें ही दें, यदि आवश्यक हुआ तब एच–1 फर्म से निगोशियेशन किया जा सकता है।

निविदादाताओं द्वारा निर्धारित निविदा मूल्य एवं धरोहर धनराशि निविदा प्रपत्र के अनुसार दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि०, नादेही के चालू खाता संख्या 50200070991433, IFSC CODE: HDFC0004867, एच०डी०एफ०सी० बैंक लि०, शाखा–जसपुर में आर०टी०जी०एस०/ई–बैंकिग के माध्यम से जमा कराकर बैंक विवरण एवं फर्म का नाम मिल के लेखा विभाग की ई–मेल आई०डी० nadehiact@gmail.com पर भेजना अनिवार्य होगा। ई–निविदा में भाग लेने वाले निविदादाताओं को तकनीकी निविदा के साथ वांछित अभिलेखों को अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा। अधोहस्ताक्षरी को किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

इस निविदा से सम्बन्धित सभी संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धिपत्र, परिशिष्ट एवं समय वृद्धि आदि को केवल मिल समिति की सूचना को बेवसाईट www.nadehisugars.com एवं www.uktenders.gov.in पर ही दिया जायेगा। निविदादाता अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से इन बेवसाईट को पढ़ते रहें।

क्र० सं०	विवरण	निविदा जमा करने की प्रारम्भिक तिथि/ समय अपरान्ह 3:00 बजे	निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि/समय अपरान्ह 5:00 बजे	निविदा खोलने की तिथि/समय पूर्वान्ह 11:00 बजे
1.	मिल में उपलब्ध विभिन्न प्रकार के निष्प्रयोज्य स्क्रेप की जहाँ है जैसा है के आधार पर विक्री।	02.02.2026	17.02.2026	18.02.2026

दिनांक 30/01/26

पत्रांक/क्रय/01ए/2025–26/2140

प्रतिलिपिः–1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लि०, देहरादून (उत्तराखण्ड)।
2. महाप्रबन्धक, उत्तराखण्ड सहकारी चीनी मिल्स संघ लि०, देहरादून (उत्तराखण्ड)।
3. समस्त प्रधान प्रबन्धक/अधिशासी निदेशक, सहकारी/निगम चीनी मिलें, उत्तराखण्ड।
4. समस्त विभागाध्यक्ष, चीनी मिल नादेही, ऊधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड।
5. नोटिस बोर्ड, प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्यालय, चीनी मिल नादेही पर चस्पार्थ।
6. कम्प्यूटर प्रभारी को इस निर्देश के साथ कि निविदा सूचना को मिल की वेबसाईट एवं ई–निविदा की वेबसाईट www.uktenders.gov.in पर यथा समय अपलोड करें।
7. सम्बन्धित आपूर्तिकर्ताओं एवं फर्मो को सूचनार्थ।

(चन्द्र सिंह इमलाल)
पी०सी०एस०
प्रधान प्रबन्धक/सचिव